**TRS/II/2022**

**SET** **A**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.
**3459941**

अनुक्रमांक
**Roll No.**

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **32** | कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**

समय/Time : **2 घण्टे/Hours** | पूर्णांक/Total Marks : **200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं – हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें ।
7. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

56, 58, 62, ?, 86, 118, 182

(A) 68

(B) 74

(C) 72

(D) 70

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

55 __ 12 __ 25 __ 5 = 115


(A) + − ÷

(B) − × ÷

(C) ÷ + ×

(D) + × ÷

3. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(A) 12

(B) 18

(C) 24

(D) 28

4. एक घड़ी में मिनट की सुई 1·5 सेमी लंबी है । इसकी नोक 40 मिनट में कितनी दूरी तय करती है ?

(A) 5·28 सेमी

(B) 6·28 सेमी

(C) 7·28 सेमी

(D) 4·28 सेमी

5. ताश के 52 पत्तों की एक भली-भाँति फेंटी गई गड्डी में से एक पत्ता निकाला गया है । यदि प्रत्येक परिणाम समान रूप से संभव हो, तो निकाले गए पत्ते की इक्का ***नहीं*** होने की प्रायिकता होगी :

(A) $\frac{13}{12}$

(B) $\frac{11}{13}$

(C) $\frac{12}{13}$

(D) $\frac{13}{17}$

6. निम्नलिखित आँकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए :

3, 9, 5, 3, 12, 10, 18, 4, 7, 19, 21

(A) 9

(B) 10

(C) 12

(D) 18

1. Find the missing number :

56, 58, 62, ?, 86, 118, 182

(A) 68

(B) 74

(C) 72

(D) 70

2. Fill in the blanks :

55 __ 12 __ 25 __ 5 = 115


(A) $+ - \div$

(B) $- \times \div$

(C) $\div + \times$

(D) $+ \times \div$

3. Find the missing number :




(A) 12

(B) 18

(C) 24

(D) 28

4. The minute hand of a watch is 1·5 cm long. How far does its tip move in 40 minutes ?

(A) 5·28 cm

(B) 6·28 cm

(C) 7·28 cm

(D) 4·28 cm

5. One card is drawn from a well-shuffled deck of 52 cards. If each outcome is equally likely, then the probability of the card ***not*** being an ace will be :

(A) $\frac{13}{12}$

(B) $\frac{11}{13}$

(C) $\frac{12}{13}$

(D) $\frac{13}{17}$

6. Find the median for the following data :

3, 9, 5, 3, 12, 10, 18, 4, 7, 19, 21

(A) 9

(B) 10

(C) 12

(D) 18

7. विलुप्त संख्याएँ ज्ञात कीजिए :

$3^{?} + \sqrt{?} - (2)^2 = 10$

(A) 2, 4

(B) 5, 81

(C) 4, 16

(D) 2, 25

8. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| ? | 13 | 49 |
| 9 | 17 | 69 |
| 13 | 11 | 59 |

(A) 9

(B) 5

(C) 7

(D) 11

9. निम्नलिखित सादृश्यता/समानता में विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

9 : 90 : : 12 : ?

(A) 160

(B) 156

(C) 184

(D) 142

10. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

4, 6, 6, 11, 8, 16, 10, ?

(A) 10

(B) 18

(C) 21

(D) 23

11. आप एक ऐसे क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम को लागू करने के प्रभारी हैं जहाँ वर्तमान नीति का कड़ा विरोध है । आप वहाँ के रहने वालों को छोटे परिवार रखने के लिए मनवाना चाहते हैं । इस संदेश को उन तक पहुँचाने का सबसे अच्छा तरीका क्या होगा ?

(A) नुक्कड़ नाटक और नाटक जो इस समस्या पर आधारित हैं, उन्हें दिखाकर बाद में तर्कों के साथ परिवार नियोजन से अच्छी सेहत और जीवन-स्तर में सुधार के बारे में समझाया जाए ।

(B) देर से विवाह और बच्चों के बीच में सही अंतर को बढ़ावा देकर ।

(C) परिवार नियोजन उपकरणों के इस्तेमाल के बदले कुछ प्रोत्साहन देकर ।

(D) जो लोग पहले से परिवार नियोजन के तरीके अपना रहे हैं, उनसे वहाँ रहने वालों से सीधी बातचीत करने के लिए कहना ।

12. 1 जनवरी, 1995 को रविवार था । 1 जनवरी, 1996 के दिन सप्ताह का कौन-सा दिन पड़ेगा ?

(A) रविवार

(B) सोमवार

(C) शनिवार

(D) मंगलवार

7. Find the missing numbers :

$3^{?} + \sqrt{?} - (2)^2 = 10$

(A) 2, 4

(B) 5, 81

(C) 4, 16

(D) 2, 25

8. Find the missing number :

| | | |
|---|---|---|
| ? | 13 | 49 |
| 9 | 17 | 69 |
| 13 | 11 | 59 |

(A) 9

(B) 5

(C) 7

(D) 11

9. In the following analogy, find the missing number :

9 : 90 : : 12 : ?

(A) 160

(B) 156

(C) 184

(D) 142

10. Find the missing number :

4, 6, 6, 11, 8, 16, 10, ?

(A) 10

(B) 18

(C) 21

(D) 23

11. You are incharge of implementing the family planning programme in an area where there is strong opposition to the present policy. You want to convince the residents of the need for keeping small families. What would be the best way of communicating this message ?

(A) By showing Nukkad Nataks and plays related to this issue and afterwards logically explaining the need of family planning to improve health and living standards.

(B) By encouraging late marriages and proper gap between children.

(C) By offering incentives for adopting family planning devices.

(D) By asking people who are already using family planning methods to directly talk to residents.

12. $1^{st}$ January, 1995 was a Sunday. What day of the week will $1^{st}$ January, 1996 be ?

(A) Sunday

(B) Monday

(C) Saturday

(D) Tuesday

13. आप एक भूकम्प प्रभावित क्षेत्र के जीवित बचे लोगों को बुनियादी मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के प्रभारी अधिकारी हैं । आपके हर सम्भव प्रयास के बावजूद, लोगों ने आपके ऊपर राहत कोष से पैसा बनाने के आरोप लगाए हैं । आप क्या करेंगे ?

(A) मामले की पड़ताल के लिए जाँच कमेटी स्थापित करवाएँगे ।

(B) अपने वरिष्ठ से अपनी जगह किसी दूसरे व्यक्ति को नियुक्त करने को कहेंगे ।

(C) आरोपों के ऊपर कोई ध्यान नहीं देंगे ।

(D) जब तक मामला सुलझ नहीं जाता तब तक किसी और कार्य की पहल नहीं करेंगे ।

14. आपके सामने एक मामला आता है जिसमें एक गरीब बुजुर्ग आदमी किन्हीं कारणों की वजह से अपना राशन कार्ड उपलब्ध नहीं करवा पाता और अपने जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए राशन लेना चाहता है । अपने वरिष्ठ का इन मामले को संभालने का दृष्टिकोण जानते हुए आप क्या करेंगे ?

(A) सख़्ती से प्रक्रिया के अनुसार चलेंगे ।

(B) गरीब आदमी की मदद करने के लिए कोई अतिरिक्त राशन कार्ड का प्रबंध करने की पहल करेंगे ।

(C) कुछ पैसे अपने पास से देकर गरीब आदमी की मदद करेंगे ।

(D) गरीब आदमी की ज़रूरत को समझते हुए कुछ प्रक्रियात्मक कदमों की अवहेलना करेंगे ।

15. नीचे तीन शब्द दिए गए हैं जिनमें कुछ समानता है । नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से उचित समानता वाला शब्द चुनिए ।

क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, ________

(A) टेनिस

(B) टीम

(C) मैदान

(D) खेल

16. आप एक बस में सफर कर रहे हैं । अचानक आप देखते हैं कि एक व्यक्ति चलती हुई बस में से गिर जाता है । आप अपने गंतव्य पर पहुँचने में लेट हो रहे हैं तथा बस पहले से ही निर्धारित समय से पीछे चल रही है । आप क्या करेंगे ?

(A) जल्दी से कंडक्टर व ड्राइवर को बस रोकने के लिए कहेंगे और उस व्यक्ति की मदद करेंगे ।

(B) नज़र-अंदाज़ करेंगे क्योंकि आप पहले से ही लेट हैं ।

(C) अपने गंतव्य पर पहुँचने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर को सूचना देंगे ।

(D) उस व्यक्ति के लिए प्रार्थना करेंगे और चुप रहेंगे ।

17. निम्नलिखित वर्णमाला की श्रेणी में एक खाली स्थान है । नीचे दिए गए विकल्पों में से खाली स्थान को भरने के लिए एक को चुनिए ।

NY, OX, PW, QV, RU, ________ .

(A) FS

(B) ST

(C) VF

(D) TA

13. You are the officer-in-charge for providing basic medical facilities to the survivors of an earthquake affected area. Despite your best possible efforts, people make allegations against you that you are for making money out of the funds given for relief. You would __________ .

(A) set up an enquiry committee to look into the matter.

(B) ask your senior to appoint some other person in your place.

(C) not pay attention to the allegations.

(D) stop taking any initiative till the matter is resolved.

14. You have come across a case wherein an old poor person is unable to submit his ration card for some reasons and wishes to claim the ration to meet his basic necessities of life. Knowing your superior's approach in handling these issues, you __________

(A) go strictly as per the procedures.

(B) take initiative to help the poor man by arranging an alternative ration card.

(C) assist the poor man with some money of your own.

(D) avoid some procedural steps since you understand the necessity of the poor man.

15. Three words are given below. There is something common among them. Four alternatives are given below. Choose one which shows the similarity.

Cricket, Kabaddi, Basketball, ______

(A) Tennis

(B) Team

(C) Field

(D) Game

16. You are travelling in a bus. Suddenly, you see that a person has just fallen from a moving bus. You are getting late to reach your destination and the bus is already moving behind schedule. What will you do ?

(A) Immediately ask the conductor and driver to stop and will try to help that person.

(B) Ignore it as you are already late.

(C) Inform the conductor and driver after reaching the destination.

(D) Pray for that person and remain silent.

17. In the following alphabet series, there is a blank space. Choose one from the alternatives given below to fill up the blank.

NY, OX, PW, QV, RU, _______ .

(A) FS

(B) ST

(C) VF

(D) TA

18. वर्णमाला के कुछ समूह दिए गए हैं, जिनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी सामान्य विशेषता रखते हैं । बेमेल समूह को चुनिए ।

(A) BEH

(B) CFI

(C) DGJ

(D) EHL

19. यदि आप किसी निर्णय पर नहीं पहुँच पा रहे हैं, तो समाधान के लिए आप निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा चुनेंगे ?

(A) यादृच्छया चुनना

(B) विकल्पों को पर्ची पर लिखकर एक चुनना

(C) आपके लिए निर्णय लेने के लिए किसी और को कहना

(D) सभी विकल्पों के फायदे और नुकसान की सूची बनाकर, फिर चुनना

20. दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित समानता वाला शब्द चुनिए ।

बिहु : असम :: गरबा : ?

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) गुजरात

(D) पंजाब

21. एक आदमी का परिचय देते हुए एक महिला ने कहा कि, "यह मेरी माँ की माँ का इकलौता पुत्र है" । इस महिला का उस आदमी से क्या रिश्ता है ?

(A) माँ

(B) मामी

(C) बहन

(D) भांजी

22. वह शब्द चुनिए जो समूह के अन्य शब्दों से सबसे कम समानता रखता है ।

(A) दिन

(B) तारीख

(C) कैलेन्डर

(D) महीना

23. निम्नलिखित शब्दों का सर्वोत्तम अनुक्रम क्या है ?

1. जन्म
2. कॉलेज
3. नौकरी
4. विद्यालय
5. वेतन

(A) 1, 3, 4, 5, 2

(B) 2, 3, 4, 5, 1

(C) 4, 5, 3, 1, 2

(D) 1, 4, 2, 3, 5

24. जिस प्रकार 'कॉलेज' 'विद्यार्थी' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'हॉस्पिटल' ____________ से सम्बन्धित है ।

(A) डॉक्टर

(B) नर्स

(C) दवाई

(D) मरीज़

18. Few groups of alphabets are given which share a common feature except one. Choose the odd one.

(A) BEH

(B) CFI

(C) DGJ

(D) EHL

19. If you could not make a decision, which of the following alternatives would you choose as a solution ?

(A) Choosing at random

(B) Write options on slips and pick one

(C) Ask someone else to make the decision for you

(D) Listing the pros and cons of all options, then choosing

20. Find the related analogy from the given alternatives.

Bihu : Assam :: Garba : ?

(A) Haryana

(B) Rajasthan

(C) Gujarat

(D) Punjab

21. Introducing a man, a woman said, "He is the only son of my mother's mother". How is the woman related to this man ?

(A) Mother

(B) Aunt (Mami)

(C) Sister

(D) Niece (Bhanji)

22. Choose the word which is least like the other words in the group.

(A) Day

(B) Date

(C) Calendar

(D) Month

23. What is the best sequence of the following given words ?

1. Birth
2. College
3. Job
4. School
5. Salary

(A) 1, 3, 4, 5, 2

(B) 2, 3, 4, 5, 1

(C) 4, 5, 3, 1, 2

(D) 1, 4, 2, 3, 5

24. As 'College' is related to 'Student', in the same way 'Hospital' is related to :

(A) Doctor

(B) Nurse

(C) Medicine

(D) Patient

**25.** दिए गए विकल्पों से निम्नलिखित शब्द की दर्पण छवि चुनिए :

DETERMINATION

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**26.** आप एक समयबद्ध परियोजना पर काम कर रहे हैं । परियोजना की समीक्षा मीटिंग में आपको ज्ञात होता है कि दल के सदस्यों के असहयोग के कारण परियोजना समय पर पूरी नहीं हो पाएगी । आप क्या करेंगे ?


(A) दल के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी देंगे ।

(B) असहयोग के कारणों पर गौर करेंगे ।

(C) दल के सदस्यों को बदलने के लिए कहेंगे ।

(D) परियोजना की समय सीमा बढ़ाने की माँग करेंगे, कारणों का हवाला देते हुए ।

**27.** निम्नलिखित आकृति के विलुप्त खण्ड को दिए गए विकल्पों से उचित आकृति का चयन करके पूरा कीजिए :




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**28.** दिए गए वर्गों के सम्बन्ध को कौन-सा आरेख सर्वश्रेष्ठ दर्शाता है ?

नौकरी, सरकारी नौकरी, निजी नौकरी

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**29.** दिए गए शब्दों का समूह (सेट) आपस में जो सम्बन्ध दर्शाता है, वैसा ही सम्बन्ध दर्शाने वाला सेट नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए ।

बिल्ली : शेर : जैगुआर

(A) शार्क : डॉल्फिन : चमगादड़

(B) खेल : एथलीट : भाला

(C) बंदर : चिम्पैंज़ी : गोरिल्ला

(D) सरीसृप : साँप : टोड

**30.** यदि ट्रेन को बस कहा जाता है, बस को ट्रैक्टर कहा जाता है, ट्रैक्टर को कार कहा जाता है, कार को स्कूटर कहा जाता है, स्कूटर को साइकिल कहा जाता है और साइकिल को मोपेड कहा जाता है, तो खेत जोतने के लिए किसका इस्तेमाल किया जाता है ?

(A) बस

(B) कार

(C) ट्रेन

(D) ट्रैक्टर

25. From the given alternatives, choose the mirror image of the following word :

DETERMINATION

(A) NOITANIMЯƎTƎᗡ

(B) ИOITAИIMЯƎTƎᗡ

(C) NOIꞱⱯNIWᴚƎꞱƎᗡ

(D) ИOIꞱⱯИIWᴚƎꞱƎᗡ

26. You are handling a time bound project. During the project review meeting, you find that project is likely to get delayed due to lack of cooperation of the team members. You would


(A) warn the team members for their non-cooperation.

(B) look into the reasons of non-cooperation.

(C) ask for replacement of team members.

(D) ask for the extension of time citing reasons.

27. Complete the missing segment of the following figure, selecting the appropriate figure from the given alternatives :




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

28. Identify the diagram that best represents the relationship among the given classes :

Job, Government Job, Private Job

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

29. Select the alternative in which the words share the same relationship as that shared by the given set of words.

Cat : Lion : Jaguar

(A) Shark : Dolphin : Bat

(B) Sport : Athlete : Javelin

(C) Monkey : Chimpanzee : Gorilla

(D) Reptile : Snake : Toad

30. If train is called bus, bus is called tractor, tractor is called car, car is called scooter, scooter is called bicycle, bicycle is called moped, what is used for ploughing field ?

(A) Bus

(B) Car

(C) Train

(D) Tractor

31. प्रतिपुष्टि (फीडबैक) क्या है ?

(A) पैसे या सामान के संबंध में दी गई जानकारी या प्रतिक्रिया

(B) शारीरिक स्पर्श या इशारों के संबंध में दी गई जानकारी या प्रतिक्रिया

(C) संचार या प्रदर्शन के संबंध में प्रदान की गई जानकारी या प्रतिक्रिया

(D) डर या दबाव के संबंध में दी गई जानकारी या प्रतिक्रिया

32. सांवेगिक बुद्धि से आप क्या समझते हैं ?

(A) अपने संवेगों को समझने और प्रबंधित करने की क्षमता

(B) अपने और दूसरों के संवेगों को समझने व प्रबंधित करने की क्षमता

(C) अपने संवेगों को नियंत्रित करने की क्षमता

(D) अपने संवेगों से लोगों को प्रभावित करने की क्षमता

33. संचार के तीन प्रमुख घटक क्या हैं ?

(A) प्रेषक, स्पर्श (छूना), रिसीवर/प्राप्तकर्ता

(B) प्रेषक, पैसा (धन), रिसीवर/प्राप्तकर्ता

(C) प्रेषक, संदेश, रिसीवर/प्राप्तकर्ता

(D) प्रेषक, डाकिया, रिसीवर/प्राप्तकर्ता

34. कौन-सा सिद्धान्त बताता है कि व्यक्ति संबंधों के बढ़ने के साथ व्यक्तिगत जानकारी का उत्तरोत्तर खुलासा करते हैं ?

(A) प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद सिद्धान्त

(B) अनिश्चितता में कमी का सिद्धान्त

(C) सामाजिक पैठ सिद्धान्त

(D) प्रत्याशा उल्लंघन सिद्धान्त

35. कौन-सा संचार सिद्धान्त दो लोगों के बीच संदेश भेजने और प्राप्त करने की प्रक्रिया की व्याख्या करता है ?

(A) सामाजिक विनिमय सिद्धान्त

(B) सामाजिक अधिगम सिद्धान्त

(C) संचार प्रक्रिया सिद्धान्त

(D) संचार समंजन सिद्धान्त

36. सांस्कृतिक क्षमता क्या है ?

(A) अंतर, सांस्कृतिक मूल्यों एवं विश्वासों को समझना और सम्मान करना

(B) सांस्कृतिक मतभेदों की अनदेखी करना

(C) अपने सांस्कृतिक विश्वासों और मूल्यों को दूसरों पर थोपना

(D) अपने व्यक्तिगत विश्वासों एवं मूल्यों को बढ़ाना एवं प्राथमिकता देना

37. सांस्कृतिक स्टीरियोटाइप क्या है ?

(A) लोगों के समूह के बारे में अतिरंजना

(B) लोगों के एक समूह के बारे में एक सकारात्मक प्रतिनिधित्व

(C) लोगों के समूह के बारे में सटीक प्रतिनिधित्व

(D) लोगों के समूह के बारे में अतिसामान्यीकरण

31. What is feedback ?

(A) Information or responses provided in response to money or goods

(B) Information or responses provided in response to physical touch or gestures

(C) Information or responses provided in response to communication or performance

(D) Information or responses provided in response to fear or pressure

32. What do you mean by emotional intelligence ?

(A) The ability to understand and manage your own emotions

(B) The ability to understand and manage your own emotions and emotions of others

(C) The ability to control your own emotions

(D) The ability to influence people with your emotions

33. What are three main components of communication ?

(A) Sender, Touch, Receiver

(B) Sender, Money, Receiver

(C) Sender, Message, Receiver

(D) Sender, Postman, Receiver

34. Which theory suggests that individuals disclose personal information increasingly as they develop relationships ?

(A) Symbolic Interactionism Theory

(B) Uncertainty Reduction Theory

(C) Social Penetration Theory

(D) Expectancy Violations Theory

35. Which communication theory explains the process of sending and receiving messages between two people ?

(A) Social Exchange Theory

(B) Social Learning Theory

(C) Communication Process Theory

(D) Communication Accommodation Theory

36. What is cultural competence ?

(A) Understanding and respecting differences, cultural values and beliefs

(B) Ignoring cultural differences

(C) Imposing your own cultural beliefs and values on others

(D) Promoting and prioritising your personal beliefs and values

37. What is a cultural stereotype ?

(A) An overstatement about a group of people

(B) A positive representation about a group of people

(C) An accurate representation about a group of people

(D) An overgeneralisation about a group of people

**38.** समानुभूति क्या है ?

(A) दूसरे व्यक्ति की भावनाओं को समझना और साझा करना

(B) दूसरे व्यक्ति के कार्यों को समझना

(C) दूसरे व्यक्ति के विचारों को समझना

(D) समझना और दान करना

**39.** आग्रहिता (हठधर्मिता) क्या है ?

(A) शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक तरीके से अपने विचारों, भावनाओं और विश्वासों को व्यक्त करना

(B) आक्रामक ढंग से अपने विचारों, भावनाओं और विश्वासों को व्यक्त करना

(C) निष्क्रिय रूप से अपने विचारों, भावनाओं और विश्वासों को व्यक्त करना

(D) अपने विचारों, भावनाओं और विश्वासों को गहराई से व्यक्त करना

**40.** सक्रिय सुनना क्या है ?

(A) ध्यान से सुनना और समझना

(B) बिना ध्यान दिए सुनना

(C) मल्टी-टास्किंग के साथ सुनना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*प्रश्न सं. 41 – 45 (अवतरण–1 पर आधारित)*

**अवतरण–1**

डिजिटल युग ने हमारे जीने और काम करने के ढंग में महत्त्वपूर्ण बदलाव किए हैं जो चुनौतियों एवं अवसरों, दोनों को हमारे सामने लाते हैं । सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है गोपनीयता और सुरक्षा का मुद्दा । इतनी व्यक्तिगत वित्तीय जानकारी ऑनलाइन संग्रहित व साझा किए जाने के साथ पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग और अन्य दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का जोखिम रहता है ।

एक अन्य चुनौती डिजिटल डिवाइड है जिसके तहत प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच समान रूप से वितरित नहीं है । इससे शिक्षा, नौकरी के अवसरों व सूचना तक पहुँच में असमानताएँ पैदा हो सकती हैं, जिससे मौजूदा असमानताएँ निरन्तर बनी रह सकती हैं ।

दूसरी ओर डिजिटल युग ने नवाचार और विकास के नए अवसर पैदा किए हैं । इंटरनेट ने व्यवसायों के लिए नए बाज़ारों तक पहुँच आसान कर दी है और व्यक्तियों के लिए दुनियाभर के लोगों के साथ जुड़ना और सहयोग करना आसान बना दिया है । इससे कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और ब्लॉकचेन जैसी नई प्रौद्योगिकी के विकास को भी सक्षम बनाया है जिनमें उद्योगों में क्रान्ति लाने और हमारे जीवन को बेहतर बनाने की क्षमता है । हालाँकि प्रौद्योगिकी पर बढ़ती हुई निर्भरता नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, जैसे स्वचालन और नौकरियों के विस्थापन का खतरा । जैसे-जैसे मशीन उन कार्यों को करने में अधिक सक्षम होती है जो पहले मनुष्यों द्वारा किए जाते थे, कई श्रमिक कार्यबल में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ख़ुद को बेरोज़गार या नए कौशल की आवश्यकता महसूस कर सकते हैं ।

38. What is empathy ?

(A) Understanding and sharing another person's feelings

(B) Understanding another person's actions

(C) Understanding another person's thoughts

(D) Understanding and doing charity

39. What is assertiveness ?

(A) Expressing your thoughts, feelings and beliefs in a peaceful and respectful manner

(B) Expressing your thoughts, feelings and beliefs in an aggressive manner

(C) Expressing your thoughts, feelings and beliefs in a passive manner

(D) Expressing your thoughts, feelings and beliefs in a profound manner

40. What is active listening ?

(A) Listening with attention and understanding

(B) Listening without paying attention

(C) Listening while multi-tasking

(D) None of the above

***Questions No. 41 – 45 (Based on Passage–1)***

**Passage–1**

The digital age has brought about significant changes in how we live and work, presenting both challenges and opportunities. One of the most significant challenges is the issue of privacy and security. With so much personal financial information being stored and shared online, there is the risk of identity theft, cyber bullying and other malicious activities.

Another challenge is digital divide, where access to technology and internet is not evenly distributed. This can lead to disparities in education, job opportunities and access to information, perpetuating existing inequalities.

On the other hand, the digital age has also created opportunities for innovation and growth. The internet has made it easier for businesses to reach new markets and for individuals to connect and collaborate with people around the world. It has also enabled the development of new technologies such as Artificial Intelligence and Blockchain which have the potential to revolutionise industries and improve our lives. However, the increasing reliance on technology also presents new challenges, such as threat of automation and job displacement. As machines become more capable of performing tasks that were once done by humans, many workers may find themselves unemployed or in need of new skills to remain competitive in the workforce.

इसके अलावा, डिजिटल युग ने सामाजिक व राजनीतिक चुनौतियों के नए रूप भी सामने लाए हैं । सोशल मीडिया के उदय से ग़लत सूचना और प्रचार-प्रसार के लिए एक मंच तैयार हुआ है जिससे संस्थाओं में विश्वास का ह्रास हुआ है और लोकलुभावन आंदोलनों का उदय हुआ है । इससे सामग्री (कंटेंट) को विनियमित करने और मुक्त भाषण की रक्षा के मामले में सरकारों के लिए चुनौतियाँ भी प्रस्तुत की हैं ।

इन चुनौतियों का समाधान करने और डिजिटल युग द्वारा प्रस्तुत अवसरों को भुनाने के लिए व्यक्तियों, व्यवसायों एवं सरकारों को एक साथ काम करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रौद्योगिकी का उपयोग जिम्मेदारी से और समान रूप से किया जाता है । इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढाँचे में निवेश करना शामिल है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास इंटरनेट और डिजिटल टूल्स की पहुँच हो, साथ ही ऑनलाइन गोपनीयता और सुरक्षा की रक्षा के लिए नियमों को लागू करना शामिल है । इसमें कार्यस्थल की बदलती माँगों के लिए श्रमिकों को तैयार करने के लिए शिक्षा एवं प्रशिक्षण में निवेश करना भी शामिल है ।

**41.** डिजिटल युग द्वारा प्रस्तुत अवसरों में से एक क्या है ?

(A) ग़लत सूचना का प्रसार

(B) लोकलुभावन आंदोलनों का उदय

(C) नई प्रौद्योगिकी का विकास

(D) नौकरी के अवसरों में कमी

**42.** प्रौद्योगिकी पर बढ़ती हुई निर्भरता द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों में से एक क्या है ?

(A) सोशल मीडिया के उपयोग में कमी

(B) स्वचालन व नौकरियों के विस्थापन का खतरा

(C) शारीरिक श्रम नौकरियों में वृद्धि

(D) कुशल श्रमिकों की माँग में कमी

**43.** डिजिटल युग द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों और अवसरों से निपटने के लिए समाधानों में से एक क्या है ?

(A) यह सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढाँचे में निवेश करना कि प्रत्येक व्यक्ति के पास इंटरनेट व डिजिटल टूल्स की पहुँच हो

(B) ग़लत सूचना के प्रसार को बढ़ावा देना

(C) नौकरी के अवसरों को कम करना

(D) प्रौद्योगिकी तक पहुँच सीमित करना

**44.** डिजिटल युग की महत्त्वपूर्ण चुनौतियों में से एक क्या है ?

(A) नौकरी के अवसरों में कमी

(B) साइबर बुलिंग

(C) राजनीतिक स्थिरता में वृद्धि

(D) सोशल मीडिया के उपयोग में कमी

**45.** डिजिटल डिवाइड क्या है ?

(A) प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच का असमान वितरण

(B) प्रौद्योगिकी पर उनकी राय के आधार पर लोगों का विभाजन

(C) भोजन तक पहुँच का असमान वितरण

(D) उनकी आय के आधार पर लोगों का विभाजन

Furthermore, the digital age has also brought new forms of social and political challenges. The rise of social media has created a platform for spread of misinformation and propaganda leading to erosion of trust in institutions and the rise of popular movements. It has also presented challenges for governments in terms of regulating content and protecting free speech.

To address these challenges and capitalise on the opportunities presented by the digital age, individuals, businesses and governments needs to work together to ensure that technology is used responsibly and equitably. This includes investing in infrastructure to ensure that everyone has access to Internet and digital tools, as well as implementing regulations to protect privacy and security online. It also involves investment in education and training to prepare workers for the changing demands of the workplace.

41. What is one of the opportunities presented by the digital age ?

(A) Spread of misinformation

(B) Rise of popular movements

(C) Development of new technologies

(D) Reduction of job opportunities

42. What is one of the challenges presented by increasing reliance on technology ?

(A) The reduction of social media use

(B) The threat of automation and job displacement

(C) The increase in manual labour jobs

(D) The decrease in demand of skilled workers

43. What is one of the remedies to address the challenges and opportunities presented by the digital age ?

(A) Investing in infrastructure to ensure that everyone has access to the Internet and digital tools

(B) Promoting the spread of misinformation

(C) Reducing job opportunities

(D) Limiting access to technology

44. What is one of the significant challenges of the digital age ?

(A) Lack of job opportunities

(B) Cyber bullying

(C) Increase in political stability

(D) Reduction in social media use

45. What is the digital divide ?

(A) Uneven distribution of access to technology and internet

(B) The division of people based on their opinions on technology

(C) Uneven distribution of access to food

(D) Division of people based on their income

प्रश्न सं. 46 – 50 (अवतरण–2 पर आधारित)

**अवतरण–2**

हाल के वर्षों में, दुनिया के पारिस्थितिक तंत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की चिंता बढ़ रही है । जलवायु परिवर्तन कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि होने के कारण होता है जो पृथ्वी के वायुमण्डल में ऊष्मा को रोक लेती है । इससे ग्रह के औसत तापमान में वृद्धि होती है जिससे विभिन्न नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं ।

जलवायु परिवर्तन के सबसे उल्लेखनीय प्रभावों में से एक ध्रुवीय बर्फ़ टोप का पिघलना है जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है । यह निचले तटीय क्षेत्रों एवं द्वीप राष्ट्रों के लिए खतरा है, साथ ही अधिक लगातार एवं गंभीर बाढ़ का खतरा बना रहता है । इसके अतिरिक्त, महासागरों के गर्म होने से तूफ़ान, टाइफून और अन्य चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति और गंभीरता में वृद्धि हुई है ।

जलवायु परिवर्तन का विश्व के वन्यजीवों पर भी महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है । जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, कई प्रजातियाँ ठंडे क्षेत्रों में पलायन करने या विलुप्त होने के जोखिम के लिए मजबूर हो जाती हैं । इससे पारिस्थितिक तंत्र का महत्त्वपूर्ण विघटन हो सकता है और महत्त्वपूर्ण जैव-विविधता का नुकसान हो सकता है । उदाहरण के लिए, प्रवाल भित्तियाँ (कोरल रीफ्स), तापमान और अम्लता में परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं और इन महत्त्वपूर्ण आवासों (हैबिटैट) में ह्रास का समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है ।

जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है क्योंकि चरम मौसम की घटनाएँ चोट, बीमारी और मृत्यु का कारण बन सकती हैं । गर्मी की लहरें विशेष रूप से एक बड़ा खतरा हैं और आने वाले दशकों में इनके और अधिक लगातार एवं तीव्र होने की उम्मीद है । इसके अतिरिक्त, वायु प्रदूषण जो जीवाश्म ईंधन के उपयोग से और बढ़ जाता है, श्वसन समस्याओं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है ।

अंत में, जलवायु परिवर्तन का महत्त्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है । चरम मौसम की घटनाओं से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढाँचे की मरम्मत और पुनर्निर्माण से जुड़ी लागत बहुत अधिक हो सकती है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है । इसके अतिरिक्त, कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से भोजन की कमी और कीमतों में उछाल भी हो सकता है ।

**46.** जलवायु परिवर्तन का सबसे उल्लेखनीय प्रभाव क्या है ?

(A) महासागरों का गर्म होना

(B) समुद्र के जलस्तर में वृद्धि

(C) प्रजातियों का प्रवासन

(D) चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि

**47.** जलवायु परिवर्तन किस कारण से होता है ?

(A) ध्रुवीय बर्फ़ टोप का पिघलना

(B) ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि

(C) समुद्र के जलस्तर में वृद्धि

(D) चरम मौसम की घटनाएँ

***Questions No. 46 – 50 (Based on Passage–2)***

**Passage–2**

In recent years, there has been a growing concern over the effects of climate change on the global ecosystem. Climate change is caused by the increase in greenhouse gases, such as carbon dioxide which trap heat in the Earth's atmosphere. This results in the planet's average temperature rising which leads to various negative consequences.

One of the most notable effects of climate change is the melting of polar ice caps which leads to rising sea levels. This threatens low-lying coastal areas and island nations, as well as causes more frequent and severe flooding. Additionally, the warming of oceans leads to an increase in the frequency and severity of hurricanes, typhoons and other extreme weather events.

Climate change also has a significant impact on the world's wildlife. As temperatures rise, many species are forced to migrate to cooler regions or risk extinction. This can lead to significant disruption of ecosystem and loss of important biodiversity. For example, coral reefs are particularly vulnerable to changes in temperature and acidity and the decline of these important habitats can have far-reaching effects on marine ecosystems.

Human health is also affected by climate change as extreme weather events can cause injury, illness and death. Heat waves in particular are a main threat and are expected to become more frequent and intense in the coming decades. Additionally, air pollution which is exacerbated by the use of fossil fuels can cause respiratory problems and other health issues.

Finally, climate change also has significant economic impacts. The cost associated with repairing and rebuilding infrastructure damaged by extreme weather events can be enormous and can have a significantly adverse impact on local economies. Additionally, the effects of climate change on agriculture can lead to food shortages and price rise.

**46.** What is the most notable effect of climate change ?

(A) Warming of oceans

(B) Rising sea levels

(C) Migration of species

(D) Increase in extreme weather events

**47.** What causes climate change ?

(A) Melting of polar ice caps

(B) Increase in greenhouse gases

(C) Rising sea levels

(D) Extreme weather events

**48.** जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है ?

(A) यह भोजन की कमी का कारण बनता है

(B) यह महत्त्वपूर्ण जैव-विविधता के नुकसान का कारण बनता है

(C) इससे अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है

(D) यह श्वसन समस्याओं एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है

**49.** जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्था कैसे प्रभावित होती है ?

(A) जैव-विविधता के नुकसान से

(B) प्रजातियों के प्रवासन से

(C) चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि से

(D) चरम मौसम की घटनाओं से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढाँचे की मरम्मत और पुनर्निर्माण की लागत से

**50.** प्रवाल भित्तियों पर जलवायु परिवर्तन का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) प्रवाल भित्तियाँ मजबूत हो जाती हैं

(B) तापमान और अम्लता में परिवर्तन का प्रवाल भित्तियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता

(C) प्रवाल भित्तियाँ अधिक कमज़ोर हो जाती हैं और उनमें ह्रास हो सकता है

(D) प्रवाल भित्तियों में अधिक विविधता आती है

**51.** एक सांकेतिक भाषा में 'MOUSE' को 'PRUQC' लिखा गया । अतः 'SHIFT' को उसी सांकेतिक भाषा में लिखा जाएगा :

(A) VKIDR

(B) VKIRD

(C) VJIRD

(D) VIKDR

**52.** एक माँ की आयु उसके पुत्र की आयु की दो गुनी है । यदि 20 वर्ष पूर्व माँ की आयु पुत्र की आयु की 10 गुना थी, तो माँ की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 38 वर्ष

(B) 40 वर्ष

(C) 43 वर्ष

(D) 45 वर्ष

**53.** एक निश्चित बिन्दु से, A एवं B विपरीत दिशा में चलना प्रारंभ करते हैं । A, 5 किमी तथा B, 7 किमी चलता है । तब A दाएँ मुड़कर 8 किमी चलता है, जबकि B बाएँ मुड़कर 3 किमी चलता है । वे एक-दूसरे से कितनी दूरी पर हैं ?

(A) 11 किमी

(B) 12 किमी

(C) 13 किमी

(D) 14 किमी

48. How does climate change affect human health ?

(A) It causes food shortage

(B) It causes loss of important biodiversity

(C) It causes negative impact on economy

(D) It causes respiratory problems and other health problems

49. How does economy get affected by climate change ?

(A) Due to loss of biodiversity

(B) Due to migration of species

(C) Due to increase in extreme weather events

(D) Due to cost of repairing and rebuilding of infrastructure damaged by extreme weather events

50. What is the impact of climate change on Coral Reefs ?

(A) Coral Reefs become stronger

(B) Coral Reefs do not get affected by changes in temperature and acidity

(C) Coral Reefs become more vulnerable and can decline

(D) Coral Reefs become more diverse

51. In a code language 'MOUSE' is written as 'PRUQC'. So 'SHIFT' will be written in the same code language as :

(A) VKIDR

(B) VKIRD

(C) VJIRD

(D) VIKDR

52. A mother is twice as old as her son. If 20 years ago the age of the mother was 10 times the age of the son, what is the present age of the mother ?

(A) 38 years

(B) 40 years

(C) 43 years

(D) 45 years

53. From a fixed point, A and B start walking in opposite directions. A covers 5 km and B covers 7 km. Then A turns right and walks 8 km, while B turns left and walks 3 km. How far are they from each other ?

(A) 11 km

(B) 12 km

(C) 13 km

(D) 14 km

**54.** एक आदमी एवं एक लड़का मिलकर किसी कार्य को 40 दिनों में पूरा करते हैं । उनकी कार्य कुशलता का अनुपात 8 : 5 है । तो लड़का अकेला उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा ?

(A) 88

(B) 104

(C) 108

(D) 94

**55.** 31 दिनों के माह में, यदि तीसरा गुरुवार 15 तारीख को आता है, तो माह का अंतिम दिन होगा :

(A) चौथा शुक्रवार

(B) चौथा शनिवार

(C) पाँचवाँ शुक्रवार

(D) पाँचवाँ शनिवार

**56.** किसी व्यक्ति के पास कुछ मुर्गियाँ एवं गायें हैं । उनके पैरों की संख्या 140 एवं सिरों की संख्या 48 है । मुर्गियों की संख्या होगी :

(A) 22

(B) 24

(C) 26

(D) 28

**57.** दो रेलगाड़ियाँ जिनकी लम्बाइयाँ 180 मीटर एवं 200 मीटर हैं, क्रमशः 40 किमी/घंटा एवं 50 किमी/घंटा की गति से एक-दूसरे के विपरीत दिशा में चल रही हैं । कितने समय में वे एक-दूसरे को पार करेंगी ?

(A) 16 सेकण्ड

(B) 17 सेकण्ड

(C) 18 सेकण्ड

(D) 15 सेकण्ड

**58.** सोहन ने एक कूलर ₹ 3,333 में खरीदा, जिसमें 10% बिक्री कर सम्मिलित था । बिक्री कर जोड़ने के पूर्व कूलर का मूल्य कितना था ?

(A) ₹ 3,003

(B) ₹ 3,033

(C) ₹ 3,300

(D) ₹ 3,030

**59.** यदि A : B : C = 2 : 3 : 4 है, तब

$$\frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A} = ?$$

(A) 8 : 9 : 12

(B) 8 : 9 : 18

(C) 8 : 9 : 24

(D) 8 : 9 : 28

**60.** तीन क्रमागत विषम संख्याओं का औसत, पहली संख्या के एक-तिहाई से 16 अधिक है । सबसे बड़ी संख्या होगी :

(A) 23

(B) 25

(C) 27

(D) 21

54. A man and a boy together can do a certain work in 40 days. Their work skills are in the ratio of 8 : 5. How many days will the boy take to finish the same work ?

(A) 88

(B) 104

(C) 108

(D) 94

55. In a month of 31 days, if the third Thursday falls on the $15^{th}$, then the last day of the month will be :

(A) Fourth Friday

(B) Fourth Saturday

(C) Fifth Friday

(D) Fifth Saturday

56. A person has a few hens and cows. The number of their legs is 140 and the number of heads is 48. The number of hens will be :

(A) 22

(B) 24

(C) 26

(D) 28

57. Two trains 180 metres and 200 metres long are running in opposite directions at the speed 40 km/hr and 50 km/hr respectively. In how much time will they cross each other ?

(A) 16 seconds

(B) 17 seconds

(C) 18 seconds

(D) 15 seconds

58. Sohan bought a cooler for ₹ 3,333 including the sales tax of 10%. What was the price of the cooler before sales tax was added ?

(A) ₹ 3,003

(B) ₹ 3,033

(C) ₹ 3,300

(D) ₹ 3,030

59. If A : B : C = 2 : 3 : 4, then

$$\frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A} = ?$$

(A) 8 : 9 : 12

(B) 8 : 9 : 18

(C) 8 : 9 : 24

(D) 8 : 9 : 28

60. The average of three consecutive odd numbers is 16 more than one-third of the first number. The largest number will be :

(A) 23

(B) 25

(C) 27

(D) 21

*निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–1**

साहित्य जीवन को संस्कारित करता है । वह जीवन में संवेदना-विस्तार का आधार बनता है और मनुष्य को विवेक संपन्न भी बनाता है । साहित्य जीवन में अक्षय आनंद का स्रोत है । उसमें निहित अनुभूति समाज और व्यक्ति के बीच सामंजस्य को प्रकट करती है । इसमें परंपराओं, इतिहास और संस्कृति का रचनात्मक स्तर पर समावेश रहता है । इस आधार पर साहित्य जीवन बोध को जगाने में अपनी सार्थक भूमिका निभाता है । जीवन के प्रति आस्था, समाज के प्रति सहानुभूति और प्राणी मात्र के प्रति करुणा जगाने में साहित्य की अपनी महत्ता है । इसमें सामाजिक परिवर्तन की शक्ति निहित है । इसी आधार पर साहित्य पीढ़ियों को दिशा देने में समर्थ होता है । साहित्य के पठन-पाठन का अवसर अपनी अनेक व्यस्तताओंह्व के बीच निकाल लेने वाले लोग जीवन का भरपूर आनंद उठाते हैं । उन्हें जीवन जीने की कला आ जाती है । इसीलिए कहा गया है कि 'काव्यशास्त्र विनोदेन कालो गच्छति धीमताम्' अर्थात् बुद्धिमान मनुष्यों का समय काव्यशास्त्र के विनोद में ही व्यतीत होता है ।

**61.** 'अक्षय' का विलोमार्थी शब्द है :

(A) असमय

(B) सुसुप्ति

(C) नाशवान

(D) छोटा

**62.** जीवन का भरपूर आनंद कौन उठाता है ?

(A) जिस व्यक्ति के पास बहुत धन होता है ।

(B) वह यायावर जो हमेशा पढ़ने के लिए उत्सुक रहता है ।

(C) निरंतर साहित्य रचना में संलग्न रहने वाले लोग ।

(D) साहित्य पठन-पाठन का अवसर व्यस्तताओं के बीच निकाल लेने वाले लोग ।

**63.** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है :

(A) साहित्य का पुनरावलोकन

(B) साहित्य की पृष्ठभूमि

(C) साहित्य के अवयवों की उपादेयता

(D) साहित्य की महत्ता

**64.** जीवन का बोध जगाने में :

(A) साहित्य सार्थक भूमिका निभाता है ।

(B) दर्शन की सार्थक भूमिका है ।

(C) संस्कृति सार्थक भूमिका निभाती है ।

(D) अध्यात्म सार्थक भूमिका निभाता है ।

**65.** मनुष्य के जीवन को संस्कारित कौन करता है ?

(A) माता-पिता

(B) साहित्य

(C) अभिभावक

(D) प्रवचनकर्ता

*निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 70) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–2**

भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता उसकी आध्यात्मिकता में है । इसके अंतर्गत शरीर की अपेक्षा आत्मा को अधिक महत्त्व दिया गया है । आत्मा सर्वव्यापक है । इसीलिए हमारे यहाँ चींटी से कुंजर तक में एक ही आत्मा का विस्तार माना जाता है । इससे सर्वोदय की भावना जागृत होती है । हम सबके कल्याणी (सुखी) होने की कामना करते हैं । हम सबके कल्याण की इच्छा करते हैं, क्योंकि सबमें वही सत्ता ओत-प्रोत है, जो हममें है । सत्य और अहिंसा इसीलिए हमारे जीवन के अंग रहे हैं । परहित के लिए त्याग और बलिदान की भावना से युग-युग का भारतीय अनुप्राणित रहा है । यहाँ सैकड़ों शिवि, दधीचि और मोरध्वज हो गए हैं ।

**66.** कौन सर्वव्यापक है ?

(A) चींटी

(B) कुंजर

(C) आत्मा

(D) मनुष्य

**67.** हमारे जीवन के अंग रहे हैं :

(A) धन-संग्रह और भौतिकता

(B) सत्य और अहिंसा

(C) स्वार्थ और लिप्सा

(D) असत्य और हिंसा

**68.** युग-युग का भारतीय किस भावना से अनुप्राणित रहा है ?

(A) स्वार्थ की भावना से

(B) लोभ की भावना से

(C) अन्याय की भावना से

(D) त्याग और बलिदान की भावना से

**69.** भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता किसमें है ?

(A) भौतिकता में

(B) आध्यात्मिकता में

(C) सात्विक जीवन में

(D) सांसारिकता में

**70.** भारतीय संस्कृति के अंतर्गत शरीर की अपेक्षा किसको अधिक महत्त्व दिया गया है ?

(A) आत्मा को

(B) शरीर को

(C) मनुष्य को

(D) पशु-पक्षियों को

*निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 75) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–3**

उत्साह की गिनती अच्छे गुणों में होती है । किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से होता है । वहीं उत्साह जो कर्तव्य-कर्मों के प्रति इतना सुंदर दिखाई पड़ता है, अकर्तव्य-कर्मों की ओर होने पर वैसा श्लाघ्य नहीं प्रतीत होता । जब तक आनंद का लगाव किसी क्रिया, व्यापार या उसकी भावना के साथ नहीं दिखाई पड़ता, तब तक उसे उत्साह की संज्ञा प्राप्त नहीं होती । प्रयत्न और कर्म-संकल्प उत्साह नामक आनंद के नित्य लक्षण हैं । प्रत्येक कर्म में थोड़ा या बहुत बुद्धि का योग भी रहता है । कुछ कर्मों में तो बुद्धि की तत्परता और शरीर की तत्परता दोनों बराबर साथ-साथ चलती हैं । उत्साह की उमंग जिस प्रकार हाथ-पैर चलवाती है, उसी प्रकार बुद्धि से भी काम कराती है । ऐसे उत्साह वाले कर्मवीर भी होते हैं और बुद्धिवीर भी होते हैं ।

71. उत्साह की संज्ञा प्राप्त करने के लिए किसका लगाव ज़रूरी है ?

(A) आनंद का लगाव

(B) हँसी का लगाव

(C) भय का लगाव

(D) राग का लगाव

72. उत्साह नामक आनंद के नित्य लक्षण क्या हैं ?

(A) प्रयत्न और कर्म-संकल्प

(B) कर्म-संकल्प और शक्ति

(C) प्रयत्न और विवेक

(D) साहस और निश्चय

73. प्रत्येक कर्म में थोड़ा या बहुत किसका योग भी रहता है ?

(A) मन का

(B) विचार का

(C) बुद्धि का

(D) बल का

74. किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर होता है :

(A) उसकी प्रवृत्ति के केवल अशुभ प्रभाव से ।

(B) उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से ।

(C) उसकी प्रवृत्ति एवं उसके दुष्प्रभाव से ।

(D) उसकी प्रवृत्ति की गुणवत्ता के प्रभाव से ।

75. अच्छे गुणों में किसकी गिनती होती है ?

(A) प्रतिकूल परिस्थिति की

(B) ईर्ष्या की

(C) अनुत्साह की

(D) उत्साह की

***निर्देश (प्रश्न संख्या 76 से 80) :*** *दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–4**

इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है । संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूँढ़-ढूँढ़कर सामने रखिए, तो आपको विदित हो जाएगा कि जिन्होंने अर्थार्जन के स्थान पर कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया, उनकी स्मृति तरोताज़ा रखने के लिए हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं । उन्होंने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किए थे, जिनकी महत्ता हम रुपए से अधिक मूल्यवान समझते हैं । जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है, उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है । अधिकांश अवस्थाओं में तो उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं है । मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता । अंत में वे ही पूजे जाते हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सच्ची मनुष्यता का परिचय दिया है ।

76. मानव समाज किसकी उपासना करना ***नहीं*** जानता ?

(A) परमार्थ की

(B) धन की

(C) स्वार्थ की

(D) कर्म की

77. अंत में कौन पूजे जाते हैं ?

(A) सच्ची मनुष्यता का परिचय देने वाले ।

(B) खूब धन अर्जित करने वाले ।

(C) मनोरंजन करने वाले ।

(D) रात-दिन सोने वाले ।

78. इस संसार में क्या सब कुछ *नहीं* है ?

(A) धन

(B) सम्मान

(C) ग़रीबी

(D) आराम

79. किनकी स्मृति तरोताज़ा रखने के लिए हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं ?

(A) जिन्होंने कर्म की श्रेष्ठता के स्थान पर अर्थार्जन पर बल दिया ।

(B) जिन्होंने केवल अर्थार्जन पर बल दिया ।

(C) जो केवल जीवन जीते रहे ।

(D) जिन्होंने अर्थार्जन के स्थान पर कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया ।

80. किनकी प्रतिष्ठा कम हुई है ?

(A) जिनके जीवन का उद्देश्य अच्छे कर्म करना है ।

(B) जिनके जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है ।

(C) जिनके जीवन का उद्देश्य खाना और सोना है ।

(D) जिनके जीवन का उद्देश्य मनोरंजन करना है ।

81. हिन्दी शब्दकोश के अंत में किस वर्ण का शब्द-समूह आता है ?

(A) त्र

(B) ज्ञ

(C) श्र

(D) ह

82. निम्नलिखित वाक्यों में से *अशुद्ध* वाक्य छाँटिए :

(A) अनेक मज़दूरों ने हड़ताल की ।

(B) अनेक कर्मचारी कार्यालय में थे ।

(C) गीतों की एक पुस्तक लाओ ।

(D) एक गीतों की पुस्तक लाओ ।

83. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए :

(A) आधीन

(B) साप्ताहिक

(C) सप्ताहिक

(D) कौतुहल

84. 'प्रागैतिहासिक' के लिए उचित अर्थ प्रदर्शित करने वाला वाक्यांश छाँटिए :

(A) इतिहास लिखने वाला ।

(B) इतिहास का अध्ययन करने वाला ।

(C) इतिहास-काल से पूर्व का समय ।

(D) भविष्य का समय ।

85. देवों को चढ़ाने के लिए बनाए गए दही, घी, शहद, चीनी और जल के योग को कहते हैं :

(A) देवानांप्रिय

(B) मधुपर्क

(C) मधुरादिरस

(D) मधुरामृत

86. वर्ग-I के शब्दों का वर्ग-II (विलोम शब्द) के साथ सही युग्म बनाइए :

| | *वर्ग-I* | | *वर्ग-II* |
|---|---|---|---|
| a. | आपत्ति | 1. | जंगम |
| b. | आकृष्ट | 2. | रोपण |
| c. | उन्मूलन | 3. | समर्थन |
| d. | स्थावर | 4. | विकृष्ट |

सही युग्म :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

87. निम्नलिखित में से किस शब्द में हलंत संबंधी *अशुद्धि* है ?

(A) साक्षात्

(B) प्रत्युत्

(C) अर्थात्

(D) हनुमान्

88. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशी है ?

(A) आँख

(B) दाँत

(C) बॉल

(D) ऊँट

89. निम्नलिखित में से *बेमेल* अनेकार्थी शब्द-युग्म है :

(A) नाक – पिनाक

(B) द्रोण – दोना

(C) मान – अभिमान

(D) हरि – बंदर

90. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म में 'योजक चिह्न' का प्रयोग अनुचित है ?

(A) दाल-रोटी

(B) रसोई-घर

(C) बहुत-सा

(D) विरह-मिलन

91. निम्नलिखित गिनतियों में से *अशुद्ध* वर्तनी वाला विकल्प छाँटिए :

(A) 66 – छाछठ

(B) 49 – उनचास

(C) 53 – तिरपन

(D) 31 – इकतीस

92. 'हारिल की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ है :

(A) दृढ़ आधार

(B) अनिश्चित आधार

(C) चंचल आधार

(D) कमजोर आधार

93. निम्नलिखित में से सही समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का चयन कीजिए :

(A) पाणि – परिहार

(B) प्रसाद – प्रासाद

(C) पुरुष – प्रचारक

(D) मूल – मातृ

94. *बेमेल* शब्द-युग्म चुनिए :

(A) परदेश – प्रदेश

(B) परिमित – परिच्छेद

(C) प्रकृत – प्रकृति

(D) बाड़ – बाढ़

95. पर्यायवाची की दृष्टि से *असंगत* युग्म है :

(A) कुबेर – मघवा

(B) अमृत – सुधा

(C) कपड़ा – अम्बर

(D) कमल – तामरस

96. 'हिरन' का पर्यायवाची *नहीं* है :

(A) कृष्णसार

(B) मतंग

(C) सारंग

(D) कुरंग

97. 'अतीत' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है :

(A) अग्रिम

(B) भावी

(C) गत

(D) व्यतीत

98. सही समानार्थक युग्म का चयन कीजिए :

(A) दास – दाता

(B) पद – पत्ता

(C) नीर – सलिल

(D) अर्थ – पृथ्वी

99. निम्नलिखित में से सही अनेकार्थक शब्द-युग्म का चयन कीजिए :

(A) हरि – बंदर

(B) अतिथि – विद्वान

(C) कनक – कोमल

(D) खर – खैर

100. 'नग' का अनेकार्थक शब्द है :

(A) नाग

(B) किनारा

(C) पर्वत

(D) नागरिक

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

GRAWAL
MCART BI

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

GRAWAL
MCART BL

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

GRAWAL
MCART BL